Bareilly, Monday,
3 August 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 10

# दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 03 MIDDLE

# SRMS रिद्धिमा में हुआ नाटक दुलारी का मंचन

P IC: DAINIK JAGRAN INEX



नाटक मंचन में कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया .

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (2 August):** एसआरएमएस रिद्धिमा में मणिमधुकर लिखित हास्य व्यंग से भरपूर नाटक 'दुलारी बाई' का मंचन हुआ. विनायक कुमार श्रीवास्तव निर्देशित यह नाटक धन-लोलुपता, स्वार्थ और सामाजिक विडम्बनाओं पर गहरी चोट करता है. इसकी केंद्रीय पात्र दुलारी बाई अपने कंजूस और स्वार्थी स्वभाव के कारण अनेक हास्यास्पद परिस्थितियों में उलझती है. ये परिस्थितियां दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ समाज में मानवीय मूल्यों के क्षरण पर सोचने के लिए प्रेरित करती हैं. नाटक में दुलारी बाई की भूमिका विषा गंगवार और कल्लू भांड की भूमिका सूर्य प्रकाश ने निभाई. कटोरीमल का किरदार नाटक के निर्देशक विनायक कुमार श्रीवास्तव ने खुद निभाया. हिरदयांश उपाध्याय (ननकु मोची), राज किशोर पाठक (पटेल), निशांत कुमार (फर्जी लाल), हर्ष यादव (गंगा राम), प्रथम शर्मा (ईश्वर) ने भी अपने पात्रों को जीवंत किया. दीपकांत जोहरी (तबला) और अनुग्रह सिंह (की बोर्ड) ने भी अपने वाद्ययंत्रों के साथ नाटक में उपस्थिति दर्ज कराई. इस दौरान दर्शकों ने भी नाटक के माध्यम से भरपूर मनोरंजन लिया.